कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 04/04/2025

// प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जगजीत कौर सलूजा, प्राध्यापक (भौतिकी) शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित थी।

डॉ. सलूजा ने सर्वप्रथम अपने उद्‍बोधन में देश में नई शिक्षा नीति लागू करने के उद्‍देश्यों पर प्रकाश डाला तत्पश्चात् चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की संकायवार विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंनें नई शिक्षा नीति के अंतर्गत Core Course, GE, Value aded & SEC Course की जानकारी दी, तथा स्पष्ट किया कि नई शिक्षा नीति में नियमित छात्राओं के 75% उपस्थिति अनिवार्य है उपस्थिति कम होने पर विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। उन्होनें छात्राओं को बताया कि आंतरिक परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है क्योंकि नियमानुसार दोबारा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की व्यवस्था नहीं है। एक सेमेस्टर से दूसरे सेमेस्टर में जाने हेतु नई शिक्षा नीति नियमावली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ. कौर ने छात्राओं को नई शिक्षा नीति के मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए CGPA की गणना उदाहरण देकर समझाया। चार वर्षीय सामान्य पाठ्यक्रम एवं ऑनर्स पाठ्यक्रम के अन्तर को स्पष्ट किया।

उक्त कार्यशाला में महाविद्यालय की लगभग 300 छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। उक्त कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति की संयोजक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल तथा सदस्य डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मंजूलता साव एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुजा चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
govt. Dr. w. w. Patankar Girls PG collegeChhattisgarh 491001, India
Lat 21.187814° Long 81.2971°
03/04/25 12:38 PM GMT +05:30
Google

03-04 Year = 6-8 Sem.
Multiple Entry & Exit
Multidisciplinary Course Curriculum
NEP 2020
Choice Based Credit System
Learning Outcome Based Curriculum Framework
Credit based Course curriculum
GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
govt. Dr. w. w. Patankar Girls PG collegeChhattisgarh 491001, India
Lat 21.187814° Long 81.2971°
03/04/25 12:40 PM GMT +05:30
Google